गुजवि में विशेषज्ञ व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण एवं प्रतिभागी।

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग में विशेषज्ञ व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के उप पुस्तकालय डॉ. नरेंद्र चौहान ने शोध पेपर्स व उनकी गुणवत्ता को लेकर विशेषज्ञ व्याख्यान दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को इंपैक्ट फैक्टर, इंडेक्स वैल्यू, क्यू वैल्यू से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने स्टूडेंट्स को काफी सॉफ्टवेयर के प्रयोग भी बताएं जैसे कि शेरपा, रोमियो डौज।

इस अवसर पर एमफार्मा के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ. चौहान ने कहा कि उन्होंने फार्मेसी के क्षेत्र में नवीनतम अनुसंधान और विकास के बारे में चर्चा की। फार्मेसी विभाग के नवनियुक्त विभागाध्यक्ष प्रो. सुनील शर्मा ने डॉ. चौहान का स्वागत किया और उनके योगदान की प्रशंसा की।

इस लेक्चर का उद्देश्य विद्यार्थियों को फार्मेसी के क्षेत्र में नवीनतम ज्ञान और अनुसंधान से अवगत कराना था। इस मौके पर डॉ. चौहान ने सभी स्नातकोत्तर व पीएचडी के छात्र-छात्राओं से डिस्कशन की।